hotel in Gulmarg. There are a number of private-owned hotels also. My question is: Is there any plan to revive them as soon as possible since the tourism is going to go up in that place?

SHRI JAGMOHAN: Yes; Sir. As far as the question of the revival of the Government hotels is concerned, it is for the State Government to decide, *i.e.*, the State Government of Jammu and Kashmir. So far as the private hotels are concerned, they are entitled to subsidy. Except five-star hotels, all other hotles are entitled to subsidy. A subsidy loan at the rate of four per cent is available, and also up to a particular limit for a particular category for Rs. 50,000 per room, per hotel subject to a maximum of 50 per cent of the hotel room strength.

कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक केन्द्र

*108. **डा॰ कुमकुम राय:** क्या पर्यटन और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार सहित देश के विभिन्न भागों में भारतीय संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिये सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो बिहार सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

पर्यटन और संस्कृति मंत्री (श्री जगमोहन): (क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

विवरण

(क) जी हां, राज्यों में बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर स्थापित करने की स्कीम है।

(ख) इस स्कीम के शुरू किए जाने से अब तक विभाग ने निम्नलिखित राज्यों में परियोजनाओं को निधियां उपलब्ध कराई हैं :

1. अरुणाचल प्रदेश
2. बिहार
3. हरियाणा
4. जम्मू और कश्मीर
5. केरल

6. कर्नाटक

7. मणिपुर

8. मिजोरम

9. मध्य प्रदेश

10. नागालैंड

11. उड़ीसा

12. पंजाब

13. पांडिचेरी

14. सिक्किम

15. त्रिपुरा

16. उत्तर प्रदेश

17. पश्चिम बंगाल

इन राज्यों में से नागालैण्ड और कर्नाटक राज्यों में परियोजनाएं पूर्णत: कार्यात्मक हैं जबकि अन्य राज्यों में परियोजनाओं पर विभिन्न चरणों में निर्माण कार्य चल रहा है। परियोजनाओं की प्रगति पर विभागीय बैठकों और निरीक्षणों के माध्यम से नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है।

गत वित्त वर्ष 2002-03 के दौरान बहुउद्देशीय सांस्कृतिक केन्द्र (एम पी सी सी), सिक्किम को 335 लाख रु॰, उत्तर प्रदेश को 100 लाख रु॰ तथा अरुणाचल प्रदेश को 129.94 लाख रु॰ का अनुदान जारी किया गया था।

तमिलनाडु, गुजरात और दिल्ली राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Cultural centres to promote art and culture

†*108. SHRIMATI KUM KUM RAI: Will the Minister of TOURISM AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up cultural centers in order to promote Indian Culture and Art in various parts of the country including Bihar;

†Original notice of the question was received in Hindi.

(b) if so, the details thereof, State-wise, including Bihar; and

(c) if not, the reasons therefor and the steps being taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF TOURISM AND CULTURE (SHRI JAGMOHAN): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir. There is a scheme to set up Multi-purpose Cultural Complexes in the States.

(b) Since the inception of the scheme, the Department has funded projects in the following States :

1. Arunachal Pradesh
2. Bihar
3. Haryana
4. Jammu and Kashmir
5. Kerala
6. Karnataka
7. Manipur
8. Mizoram
9. Madhya Pradesh
10. Nagaland
11. Orissa
12. Punjab
13. Pondicherry
14. Sikkim
15. Tripura
16. Uttar Pradesh
17. West Bengal

Out of these, projects at Nagaland and Karnataka are fully functional while others are under various stages of construction. The progress of the projects is monitored regularly through departmental meetings and inspections.

During the last financial year 2002-03, the grant was released to the MPCC, Sikkim Rs. 335 lakh, Uttar Pradesh Rs. 100 lakh, Arunachal Pradesh Rs. 129.94 lakh.

No proposals have been received from the State Government of Tamil Nadu, Gujarat and Delhi.

(c) Does not arise.

डा॰ कुमकुम राय: माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि जो मेरा मूल प्रश्न है उसका जो उत्तर मिला है वह आंशिक रूप से सत्य है। मैंने पूछा था कि क्या सरकार बिहार सहित देश के विभिन्न भागों में भारतीय संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है? और महोदय? मुझे उत्तर मिला है सांस्कृतिक परिसर के विषय में। मैं पहले यह जानना चाहती हूं कि इन दोनों में क्या अंतर है? उसके बाद ही मैं आगे प्रश्न पूछ पाऊंगी।

SHRI JAGMOHAN: Sir, these are cultural centres. They have all types of cultural activities to be encouraged through them. There is a scheme for Rupees one crore per year per State. Unfortunately, your State of Bihar took the facility in 1996-97. The first amount was released, but since 1996-97 and up till this time, they have not completed the project. They have not answered any question or given any replies. Therefore, the activity is there. We just provide the building and the other facilities, and, thereafter, they have to run the centre to propagate cultural values of Bihar and the folk dances and music. Apart from that, the Government of India itself has seven zonal cultural centres. The hon. Vice-President and the Chairman of the House himself inaugurated in Kolkata the Eastern Zonal Cultural Centre which has been built at the cost of Rs. 10 crores. It is supposed to serve the entire Eastern region and encourage cultural activities in that region.

डा॰ कुमकुम राय: सभापति महोदय, मंत्री जी ईस्टर्न कल्चरल ज़ोन की बात कर रहे हैं।

श्री सभापति: आप क्वेश्चन पूछ लीजिए।

डा॰ कुमकुम राय: सर, यह इसी से संबंधित प्रश्न है। इलाहाबाद और कोलकाता से बिहार को अटैच करके रखा गया है। हमारे बिहार राज्य में पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के समृद्ध केन्द्र है। जहां एक तरफ गणतंत्र की जननी वैशाली के स्मारक उपेक्षित हैं। पटना स्थित विश्व प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल कुम्हरार महान मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त और सम्राट अशोक के साम्राज्य की राजधानी थी। दुनिया में कुम्हरार ही ऐसी जगह है जिसे रोम के बाद लगातार एक हजार वर्षों से अधिक समय तक राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। शेरशाह का मकबरा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय, नालन्दा विश्वविद्यालय और कुम्हरार को विश्व विरासत के स्थल के रूप में दर्जा देने का अनुरोध चार साल पहले ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (पटना अंचल) के पूर्व अधीक्षण पुराविद के॰ के॰ मोहम्मद जी ने किया था किन्तु अभी तक सरकार से इसे विश्व विरासत का दर्जा नहीं मिला है। ईस्टर्न जोन के माध्यम से बिहार में पिछले तीन वर्षों में कौन-कौन सी कल्चरल एक्टिविटीज की गई हैं और उसमें कितना पैसा खर्च किया गया है?

श्री सभापति: आप मंत्री जी को लिखकर दे दीजिए।

डा॰ कुमकुम राय: सर, मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है।

श्री सभापति: आपको उत्तर मिल जायेगा। आप लिखकर दे दीजिए। मैं आपकी मदद करूंगा।

श्री जगमोहन: सर, मैं जवाब दे देता हूं। सर, इनका लास्ट क्वेश्चन था कि क्या-क्या किया जा रहा है, जो हमने एक करोड रुपया सैंक्शन वर्ष 1996-97 में किया था उसका यूटिलाइजेशन अभी तक नहीं हुआ है इसलिए और पैसा देने का सवाल कहां पैदा होता है। दूसरी बात मैं यह बता दूं कि जो आपने नाम गिनाये हैं। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ कुमकुम राय: सभापति महोदय, एक करोड़ रुपये में से 15 लाख रुपये मिले हैं उससे वहां पर काम हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप एक काम कीजिए। आप लिखकर दे दीजिए। मैंने आपसे कहा है कि मैं आपकी मदद करूंगा। आप मेरे पास उसकी एक कापी भेज दीजिए । ...(**व्यवधान**)...

डा॰ कुमकुम राय: सभापति महोदय, पिछले तीन-चार वर्षों में बिहार में क्या गतिविधियां संचालित की गई हैं? कितने रुपये निवेश किये गये हैं। उसका ब्यौरा तो मिलना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी: सभापति महोदय, मंत्री जी को इसके बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: नेक्स्ट क्वेश्चन 109।